

भुवनेश्वर ने पिछले दो सीजन में 45 विकेट लिए हैं। जबकि, शमी ने नए रणजी ट्रॉफी सीजन में दिल्ली के खिलाफ चार विकेट लेकर अपनी फिटनेस और फॉर्म साबित की है।

-एम.एस.के. प्रसाद

पूर्व चीफ सिलेक्टर, मोहम्मद शमी व भुवनेश्वर कुमार के चयन पर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



उमेश यादव

38 साल के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने करीब दो साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी की है। उन्होंने पंजाब के लिए खेलते हुए असम के खिलाफ एक पारी में 5 विकेट झटके। चंडीगढ़ में खेले जा रहे इस मुकाबले के दूसरे दिन उनकी शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब ने असम की टीम को 373 रनों पर रोक दिया। उमेश यादवने दिसंबर 2024 के बाद अपना पहला रणजी मैच खेलते हुए दो दिनों में 24 ओवर फेंके और 70 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 16वीं बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया।

क्या आप जानते हैं ?... वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल लगाने का रिकॉर्ड जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज़ के नाम दर्ज है, जिन्होंने 2002, 2006, 2010 और 2014 के फीफा वर्ल्ड कप में कुल मिलाकर 24 मैचों में 16 गोल दागे हैं।

टेम्बा बावुमा की कप्तानी में पहली बार टेस्ट हारा दक्षिण अफ्रीका

डरबन में ऑस्ट्रेलिया ने 214 रन से हराया, मैच में हेजलवुड को 8 विकेट



डरबन, 13 अक्टूबर। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में पहली बार साउथ अफ्रीका कोई टेस्ट मैच हार गया है। टीम को डरबन में हुए पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 214 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 390 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 106 रन की बढ़त मिली। इसके बाद टीम ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 314 रन बनाकर घोषित की और 421 रन का टारगेट दिया। पांचवें दिन साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 206 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने मैच में 8 विकेट लिए। सीरीज का दूसरा टेस्ट 18 अक्टूबर से गेकेबेरा में खेला जाएगा।

12 टेस्ट तक नहीं हारे थे बावुमा: टेम्बा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने 12 टेस्ट खेले। इस दौरान टीम ने 11 मैच जीते। कप्तान के तौर पर पहली हार से पहले सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने के मामले में बावुमा ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक ब्रियरली को भी पीछे छोड़ा। ब्रियरली ने इंग्लैंड की कप्तानी करते हुए अपने शुरुआती 15 टेस्ट में 10 जीत दर्ज की थीं। साउथ अफ्रीका को घरेलू मैदान पर नवंबर 2024 के बाद पहली बार टेस्ट में हार मिली है। इससे पहले टीम ने अपने घर में लगातार चार टेस्ट जीते थे।

मार्करम ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए: साउथ अफ्रीका ने पांचवें दिन की शुरुआत 102/4 के स्कोर से की थी। एडेन मार्करम 45 और वियान मुल्डर 5 ने पारी को आगे बढ़ाया। मुल्डर 29 रन बनाकर आउट हुए। छठा विकेट काइल वेरेने का गिरा। उन्होंने 1 रन बनाया। इसके बाद मार्को यानसन 35, साइमन हार्मर 0, मार्करम 75 और एनरिक नोर्त्या 4 रन बनाए। केशव महाराज 1 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरा पारी में जोश हेजलवुड ने 6 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 2 विकेट लिए थे।

डरबन में ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी टेस्ट जीत: ऑस्ट्रेलिया ने डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में लगातार चौथा टेस्ट जीता है। टीम ने इस मैदान पर 2006 के बाद से अपना जीत का सिलसिला जारी रखा। कप्तान पैट कमिंस ने जीत के बाद रेनशॉ की पहली पारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि रेनशॉ की पारी ने टीम को शुरुआती मुश्किल स्थिति से उबरने और मैच में बढ़त बनाए रखने में मदद की।

ऑस्ट्रेलिया के टॉप पर: ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 81.82 प्रतिशत पॉइंट्स पर्सेंटेज के साथ टॉप पर है। भारत 51.52 प्रतिशत के साथ पांचवें और साउथ अफ्रीका 60 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर है।

दिल्ली कैपिटल्स के बैटिंग कोच बने युवराज सिंह



नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह में दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट और बैटिंग कोच बन गए हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसका ऐलान पर किया। युवराज पहली बार किसी टीम की कोचिंग करेंगे। टीम के हेड कोच सौरव गांगुली हैं। युवराज 2015 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेले थे। उस समय फ्रेंचाइजी ने उन्हें 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। यह उस समय इतिहास की सबसे बड़ी खिलाड़ी बोली थी। नई जिम्मेदारी मिलने पर युवराज ने कहा कि दिल्ली के साथ उनका पुराना जुड़ाव है। उन्होंने सौरव गांगुली के साथ काम करने को खास मौका बताया। युवराज ने बताया कि कोचिंग ऐसा काम है, जिसे लेकर वे वास्तव में जुनूनी हैं। युवराज ने 2008 से 2019 तक में हिस्सा लिया। अपने 12 साल के करियर में वे छह फ्रेंचाइजी से खेले। किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), पुणे वॉरियर्स इंडिया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली डेयरडेविल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस। उनका का आखिरी सीजन 2019 था। उस समय मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। मुंबई ने उस सीजन फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर अपना चौथा खिताब जीता था। युवराज ने 2019 में चार मैच खेले और 98 रन बनाए। उन्होंने जून 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ से भी संन्यास की घोषणा की थी।

रोनाल्डो का मैच मिसाइल हमले से प्रभावित, अल नासर 3-1 से जीता



एक घंटे की देरी से शुरू हुआ मैच

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। सऊदी अरब के रियाद में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले के खतरे के कारण एशियन फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी का मैच एक घंटे देरी से शुरू हुआ। मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर ने नफ्तची फरगाना को 3-1 से हराया। सऊदी लीडरशिप वाले सैन्य गठबंधन ने कहा कि उसने रियाद की ओर दागी गई हूतियों की बैलिस्टिक मिसाइल को रोककर नष्ट कर दिया।

रोनाल्डो ने एक गोल दागा, करियर का 981वां गोल

मैच अल-अव्वल पार्क में स्थानीय समयानुसार रात 9:15 बजे (1815) शुरू होना था। मुकाबला रात 10:15 में शुरू हो सका। रोनाल्डो ने पहले हाफ के अंत से ठीक पहले अपने करियर का 981वां गोल किया।

पुर्तगाल ने रोनाल्डो पर 3 मैच का बैन लगाया

पुर्तगाली फुटबॉल फेडरेशन ने टीम से बाहर जाने के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को 3 मैच के लिए सस्पेंड किया है। फेडरेशन ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू की। यह मामला फेडरेशन की अनुशासनात्मक जांच समिति को भेजा गया है। फेडरेशन ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि जांच पूरी होने तक उसके निष्कर्ष गोपनीय रहेंगे। 41 साल के रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान पुर्तगाल का कैंप छोड़ दिया था। नए कोच जॉर्ज जीसस के साथ खेलने के कम समय पर विवाद हुआ था। नियमों के अनुसार, रोनाल्डा पर एक से छह महीने तक निलंबित किया जा सकता है।

मैच से पहले धमाके की आवाज

मैच से कुछ देर पहले के संवाददाताओं ने रियाद में धमाकों की आवाज सुनी। इसी दौरान शहर के लोगों के फोन पर हवाई खतरे का अलर्ट भी आया। अलर्ट में कहा गया, 'यह इलाका हवाई हमले के खतरे में है। कृपया शांत रहें और घर या किसी सुरक्षित जगह पर रहें। खिड़कियों और दरवाजों से दूर रहें। सिविल डिफेंस के निर्देशों का पालन करते रहें।'

टीवी में एक घंटे देरी से प्रसारण हुआ

स्टेडियम के उद्घोषक ने कहा कि स्थिति सुरक्षित है और मैच खेला जाएगा। उन्होंने दर्शकों से अपनी सीटों पर बने रहने की अपील की। हालांकि, मैच का प्रसारण कर रहे टेलीविजन चैनल ने मुकाबला एक घंटे देर से शुरू होने की जानकारी दी। इसके बाद गठबंधन ने पर जारी बयान में हूतियों की ओर से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को रोककर नष्ट करने की बात कही। इसके अलावा, रियाद एयरपोर्ट पर भी कई जानलेवा हमले हुए हैं।

विराट के चार विकेट, दीपक की तूफानी पारी से आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब जीता



जयपुर, 13 अक्टूबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब ने अरावली क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। विराट शर्मा ने गेंदबाजी में चार विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई, जबकि दीपक यादव ने नाबाद 64 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरावली क्रिकेट अकादमी की टीम 28.5 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। रीना यादव ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से विराट शर्मा ने चार, देयान ने तीन और पृथ्वी शर्मा ने दो विकेट झटके। जवाब में आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब ने 11 ओवर में दो विकेट खोकर 110 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। दीपक यादव ने 64 और विराट शर्मा ने 21 रनों का योगदान दिया। शानदार गेंदबाजी के लिए विराट शर्मा कोमैन ऑफ द मैचचुना गया।

राजस्थान टीम ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया



जयपुर 13 अक्टूबर। झांसी (उत्तर प्रदेश) मे आयोजित 16 वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आज खेले अपने तीसरे मैच में हॉकी राजस्थान टीम ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 5 - 3 से हराकर मैच जीत लिया राजस्थान की ओर से अंकित रावत ने 2 अनुराग सुथार ने 2 कुणाल कोंडल ने 1 गोल किया। टीम हॉकी राजस्थान ने अपने पहले मैच में बिहार को 3 - 2 से दूसरे मैच में हॉकी गुजरात को 6-2 से हराया था। मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार गोल कीपर लवीश को मिला। हॉकी राजस्थान के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने पूल को क्वालीफाई करने पर हॉकी इंडिया एक्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य अरुण कुमार सारस्वत एवं हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष महिपाल सिंह एवं महासचिव देवेन्द्र सिंह शेखावत ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महासचिव शेखावत ने बताया कि टीम हॉकी राजस्थान ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने पूल को क्वालीफाई किया है।

दिव्या राजावत व शिव्या राजावत ने जीता स्वर्ण पदक



जयपुर, 13 अक्टूबर। 9 से 11 अक्टूबर 2026 तक आयोजित राजस्थान स्टेट ताइक्वानडो चैंपियनशिप 2026 का आयोजन कोटा में रघुराई स्पोर्ट्स इंडोर काम्पलेक्स में किया गया इस चैंपियनशिप में राजस्थान के 1100 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें जयपुर की दिव्या राजावत व शिव्या राजावत ने स्वर्ण पदक जीता पदक जीतने पर जयपुर के ताइक्वांडो कोच पुलोक सेन ने दिव्या व शिव्या को बधाई दी व राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी श्री लक्ष्मण सिंह हाडा ने बधाई दी व पदक पहनाकर सम्मानित किया श्री लक्ष्मण सिंह हाडा ने बताया की दोनों खिलाड़ियों का गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है

एला गिब्सन के परफेक्ट निशाने, राजपूताना रॉयल्स की लगातार दूसरी जीत

जयपुर, 13 अक्टूबर। आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) सीजन-2 में राजपूताना रॉयल्स ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार को डिफेंडिंग चैंपियन राजपूताना ने चेरो आर्चर्स को 6-0 से शिकस्त दी। मुकाबले में कंपाउंड तीरंदाजी की विश्व नंबर-1 एला गिब्सन आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने अपने सभी छह तीर 10 के निशाने पर लगाकर 60 में से पूरे 60 अंक हासिल किए। लगातार तीन हार के बाद जीत की राह पर लौटी राजपूताना रॉयल्स के अब छह अंक हो गए हैं और टीम सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है। सोमवार को माइटी मराठाज ने चेरो आर्चर्स को 4-4 की बराबरी के बाद टाईब्रेकर में मात दी। वहीं, राजपूताना ने चोला चीफ्स को 5-1 और काकतीय नाइट्स ने पृथ्वीराज योधाज को 6-2 से हराया। भारतीय तीरंदाजी संघ की पहल पर आयोजित दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी आधारित तीरंदाजी लीग में छह टीमों के 48 तीरंदाज भाग ले रहे हैं। हैदराबाद के पीपुल्स प्लाजा में जारी प्रतियोगिता का फाइनल 18 अक्टूबर को खेला जाएगा।

गिल 5वीं बार प्लेयर ऑफ द मंथ बने

मेंस कैटेगरी में सबसे ज्यादा



नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को सितंबर का प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। यह पांचवीं बार है, जब गिल ने यह अवॉर्ड जीता है। उन्होंने अभिषेक शर्मा और जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को पीछे छोड़ा।

27 साल के गिल सबसे ज्यादा बार यह अवॉर्ड जीतने वाले क्रिकेटर बने हैं। वे मेंस कैटेगरी में भी सबसे ज्यादा बार यह पुरस्कार जीतने वाले क्रिकेटर भी हैं। विमेंस कैटेगरी में भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। उन्होंने अपनी साथी खिलाड़ी श्री चरणी और श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू को पछाड़कर यह अवॉर्ड जीता। गिल ने 133 गेंदों में जड़ी सबसे तेज वनडे डबल सेंचुरी: भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे में 334 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में 110 रन की पारी खेली। इसके बाद दूसरे वनडे में 133 गेंदों पर 223 रन बनाए। यह वनडे इतिहास की सबसे तेज डबल सेंचुरी है।

शेफाली को दूसरी बार अवॉर्ड मिला: शेफाली वर्मा को दूसरी बार प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है। इससे पहले उन्हें पिछले साल नवंबर में इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। शेफाली ने सितंबर में 360 रन बनाने के साथ 6 विकेट भी लिए। वह महिला एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए, जबकि फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 48 रन की पारी खेली।

गिल ने एक साल बाद यह अवॉर्ड जीता: आईसीसी ने गिल ने पांचवीं बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। इससे पहले वे 2023 में जनवरी, सितंबर और 2025 में फरवरी और जुलाई में यह पुरस्कार जीत चुके हैं। गिल ने पिछली बार पिछले साल जुलाई में अवॉर्ड जीता।

मंधाना बैटिंग रैंकिंग में नंबर-1 पर बरकरार

दीप्ति गेंदबाजी और ऑलराउंडर के टॉप-10 में एकमात्र भारतीय



नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना की विमेंस वनडे रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। वहीं भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजी और ऑलराउंडर की रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज एलिस पेरी को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने वनडे बल्लेबाजों की टॉप-10 लिस्ट में वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला। ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त बना रखी है। एलिस पेरी के अलावा उनकी साथी खिलाड़ी भी टॉप-30 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहुंच गई हैं। जॉर्जिया वॉल 8 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर आ गई हैं। एनाबेल सदरलैंड को बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों रैंकिंग में फायदा हुआ है।

इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता जयपुर में 16 से

जयपुर, 13 अक्टूबर। राजधानी जयपुर में 16 से 18 अक्टूबर तक छठी इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन की मेजबानी में सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के पुरुष और महिला एथलीट विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड इवेंट में अपना दमखम दिखाएंगे। राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव देवनारायण गुर्जर ने आज यहां बताया कि प्रतियोगिता में उन्हीं खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिन्होंने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की ओर से निर्धारित प्रवेश मानक हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए एएफआई पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य रखा गया था और रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 5 अक्टूबर निर्धारित थी। देवनारायण ने बताया कि एक खिलाड़ी अधिकतम दो व्यक्तिगत इवेंट में हिस्सा ले सकता है। 16 से 23 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी पात्र: देवनारायण ने बताया कि प्रतियोगिता में वे खिलाड़ी ही हिस्सा लेने के लिए पात्र हैं, जिनका जन्म 19 अक्टूबर 2003 से 18 अक्टूबर 2010 के बीच हुआ है। 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं 18 वर्ष से कम आयु के एथलीट 3000 मीटर से अधिक दूरी की दौड़ में भाग नहीं ले सकेंगे।


हैदराबाद में चौथे टी-20 में भारत-विंडीज की भिड़ंत आज

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2.1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिये बस एक जीत की जरूरत है। वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है। अभिषेक ने इंदौर में तीसरे टी20 में 30 गेंद में 69 रन बनाये जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल थे। भारत ने 223 रन का स्कोर बनाकर मैच जीता था। भारत के लिये चिंता का एकमात्र कारण शीर्षक्रम के शानदार फॉर्म के कारण मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास नहीं मिल पाना है। शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो।

जोस बटलर ने बाई जांघ की सर्जरी कराई, पाक ट्राई-सीरीज से बाहर



नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर की बाईं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी सफल रही है। उन्होंने पूरी फिटनेस हासिल कर मजबूत वापसी का भरोसा दिया है। 36 साल के बटलर ने सोमवार को अपनी सर्जरी की जानकारी दी। उन्होंने अस्पताल के बिस्तर से अंगूठा दिखाते हुए अपनी तस्वीर साझा की। उनका बायां पैर ब्रेस में बंधा हुआ था। बटलर ने लिखा, 'सर्जरी सफल रही और अब रिकवरी पर हूं। पहले से ज्यादा मोटिवेट फील कर रहा हूं।' बटलर को यह चोट 24 सितंबर को हेडिंग्ले में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में लगी थी। वे बैटिंग के दौरान चोटिल हुए और रिटायर्ड हर्ट हुए थे। **ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए आज जारी होगी टीम:** बटलर इंग्लैंड की पाकिस्तान में होने वाली आगामी ट्राई-सीरीज से बाहर हो चुके हैं। इंग्लैंड की टीम इस हफ्ते के अंत में पाकिस्तान रवाना होगी। नवंबर में होने वाले इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया दौरे से भी बटलर के बाहर रहने की संभावना है।



टीम आरपीसी को हराकर टीम जयपुर ने जीता टूर्नामेंट का पहला मैच

जयपुर, 13 अक्टूबर। जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत जनरल अमर सिंह कानोता कप (06 गोल्स) टूर्नामेंट की मंगलवार से शुरुआत हुई। टूर्नामेंट का पहला मैच टीम आरपीसी और टीम जयपुर के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम जयपुर 9-8 के स्कोर से विजेता बनी। टीम जयपुर से पद्मनाभ सिंह ने 5 गोल हासिल किए, वहीं अक्षय मलिक ने 3 गोल किए। जबकि, मयूरध्वज सिंह तलबगांव ने 1 गोल किया। टीम से कुलदीप सिंह राठौड़ भी खेले। दूसरी ओर टीम आरपीसी से रणशेय पुरोहित ने 4 गोल और मार्टिन कार्लोस डोनोवन ने 3 गोल किए। टीम के लिए दिव्यमान सिंह दुजोद ने 1 गोल किया। टीम में शुभम गुप्ता भी शामिल रहे।

टूर्नामेंट का दूसरा मैच आज : जनरल अमर सिंह कानोता कप (06 गोल्स) का दूसरा मैच कल, बुधवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 5 बजे से टीम रामबाग-चांदना पोलो और कानोता/मेफेयर पोलो के बीच खेला जाएगा।

रणजी में राजस्थान को पहली पारी की बढ़त, कुकना ने झटके 5 विकेट

जयपुर, 13 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर खेले जा रहे राजस्थान-तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी मुकाबले के तीसरे दिन राजस्थान ने गेंदबाज अजय सिंह कुकना के पांच विकेट की बदौलत पहली पारी में बढ़त हासिल कर ली। तमिलनाडु की पहली पारी 274 रन पर सिमट गई। वहीं, दूसरी पारी में 31 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद महिपाल लोमरोर और कार्तिक शर्मा ने नाबाद अर्धशतकीय साझेदारी कर राजस्थान को संकट से उबारा। दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने चार विकेट पर 81 रन बना लिए और उसकी कुल बढ़त 170 रन हो गई। कार्तिक शर्मा 30 और महिपाल लोमरोर 25 रन बनाकर नाबाद हैं। मैच का अंतिम दिन बुधवार को खेला जाएगा।

कुकना की शानदार गेंदबाजी

राजस्थान ने पहली पारी में 363 रन बनाए थे। इसके जवाब में तमिलनाडु की टीम 274 रन ही बना सकी। तमिलनाडु की ओर से आंद्रे सिद्धार्थ ने 81 रन बनाए, जबकि वॉशिंगटन सुंदर 26 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की ओर से अजय सिंह कुकना ने 51 रन देकर पांच और आकाश सिंह ने 74 रन देकर दो विकेट लिए। तमिलनाडु के साई किशोर ने दूसरी पारी में राजस्थान के दो विकेट झटके। अंडर-23 में करण सिंह राणावत का दोहरा शतक।



राजस्थान ने बनाए 488 रन

हिमाचल प्रदेश के अम्तर में खेले जा रहे सीके नायडू अंडर-23 ट्रॉफी मुकाबले में राजस्थान ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 488 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। राजस्थान के लिए अंडर-23 ट्रॉफी में पदार्पण कर रहे करण सिंह राणावत ने शानदार दोहरा शतक जड़ते हुए 292 गेंदों पर 203 रन बनाए। उनकी पारी में 17 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। आयुष अमेरिया ने 44 रन का योगदान दिया। करण सिंह राणावत राजस्थान के लिए अंडर-23 ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। उनसे पहले कार्तिकेय चौधरी ने अपने पदार्पण मैच में दोहरा शतक लगाया था।



राजस्थान के लिए अंडर-23 ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ी

करण लांबा (दो बार), सुमित गोदारा (दो बार), राज शर्मा, अंशुल गढ़वाल, आदित्य गढ़वाल, रजत छपरवाल, राजेश बिश्नोई सीनियर, सलमान खान, कार्तिकेय चौधरी और करण सिंह राणावत।

अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी टीम बी,ई,सी और एच जीतीं

राज्य स्तरीय अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में टीम बी, टीम ई, टीम सी और टीम एच ने जीत दर्ज की। टीम बी ने टीम ए को नौ विकेट से हराया।टीम ए की पारी 124 रन पर सिमट गई। केदार चौधरी ने 40 रन बनाए। टीम बी की ओर से अवि सुवालका ने चार विकेट लिए, जबकि सारांश सिसोदिया और निधीश राज ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में टीम बी ने एक विकेट पर 128 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हर्षवर्धन सिंह ने 62 और आनंद सीरवी ने 27 रन बनाए।